# संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक-2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, (छ.ग.)

(Telephone-0771-2511974, email-directorateoffood@gmail.com, website- www.khadya.cg.nic.in)


क्रमांक 257 /वि.स./2025 नवा रायपुर, दिनांक 21 /02/2025

प्रति,

सचिव,
छ.ग. शासन,
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर. विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, अटल नगर, नवा रायपुर

विषय:- विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1013 अतारांकित द्वारा, श्रीमती चातुरी नन्द, सदस्य विधानसभा ।

कृपया विषयांतर्गत विधानसभा प्रश्न क्रमांक 1013 अतारांकित द्वारा श्रीमती चातुरी नन्द, सदस्य विधानसभा की जानकारी मार्कफेड एवं जिले से प्राप्त जानकारी के आधार पर तैयार की जाकर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है ।

संलग्न- उपरोक्तानुसार

21/02/25

अपर संचालक
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर.
संचालनालय, नवा रायपुर

# छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय
## प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रश्न क्रमांक | - | 1013 |
| (2) | विभाग से उत्तर प्राप्त होने की अन्तिम तिथि | - | 25/02/2025 |
| (3) | सदन में उत्तर देने की तिथि | - | 04/03/2025 |
| (4) | वर्ग जिसके लिए वह तिथि नियत है | - | 5 |

खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण विभाग

विषयः- धान खरीदी केन्द्रों में कुल धान खरीदी एवं उठाव।

श्रीमती चातुरी नन्द

अतारांकित

क्या खाद्य मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) महासमुंद जिले में वर्ष **2024-25** में जनवरी,**2025** तक कुल कितनी धान खरीदी हुई है? धान खरीदी के एवज में कितने किसानों को जनवरी, **2025** तक कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है ? खरीदे गए खुले कितने धान का उठाव अब तक किया गया है ? क्या धान के उठाव में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं? यदि हां, तो क्या कार्रवाई की गई है ?

(ख) इस वर्ष किन-किन धान खरीदी केन्द्रों में गड़बड़ी और अनियमितता की शिकायत पाई गई है ? उपरोक्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है ? विकासखंडवार जानकारी प्रदान करें?

// उत्तर //

माननीय खाद्य मंत्री (श्री दयाल दास बघेल)

(क) महासमुंद जिले में वर्ष 2024-25 में जनवरी, 2025 तक कुल 11.04 लाख मे.टन धान की खरीदी की गई है। 31 जनवरी, 2025 तक महासमुंद जिले के 1.37 लाख किसानों को राशि 2292.07 करोड़ रुपयें भुगतान किया गया है। जिले में खरीदे गए धान में से दिनांक 20.02.2025 की स्थिति में कुल 8.03 लाख मे.टन धान का उठाव किया गया है।

जी नहीं। धान उठाव में गड़बड़ी के मामले प्राप्त नहीं हुए है।

(ख) इस वर्ष धान खरीदी केन्द्रों में गडबड़ी एवं अनियमितता की शिकायत पर की गई कार्यवाही की जानकारी संलग्न **प्रपत्र** अनुसार है।

अपर संचालक

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संर.

संचालनालय, रायपुर

प्रपत्र

# वर्ष 2024 - 25 में धान खरीदी केन्द्रों में गड़बड़ी और अनियमितता की प्राप्त शिकायत एवं उस पर की गई कार्यवाही की जानकारी

| क्र. | समिति का नाम | उपार्जन केंद्र का नाम | शिकायत प्राप्त | | पाई गई अनियमितता/शिकायत का कारण | | | | धान खरीदी | | दोषी कर्मचारी | | की गई कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शिकायत प्राप्त दिनांक | शिकायतकर्ता का नाम | अधिक धान तौल | फर्जी पंजीयन | रकबा में वृद्धि | अन्य कारण | मात्रा (क्विंटल में) | राशि (लाख में) | नाम | पद | |
| 1 | बेमचा | बेमचा | 23.11.2024 | यादराम चंद्राकर, भरत चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, शंकर चंद्राकर | धान में अधिक वजन की तौलाई | - | - | - | 0 | 0 | श्री पुरानिक लाल साहू | समिति प्रभारी | प्रथम दृष्टया प्रकरण संज्ञान में आने पर संस्था के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा केंद्र प्रभारी पुराणिक लाल साहू को धान खरीदी के प्रभार से पृथक कर निलंबित किया |
| 2 | रिसिकेला | रिसिकेला | 24.11.2024 | आकस्मिक निरीक्षण | - | - | - | उपार्जित धान के स्टेक तैयार करने में लापरवाही बरती गई | 0 | 0 | श्री टिकेश्वर पटेल | लिपिक | प्रथम दृष्टया प्रकरण संज्ञान में आने पर संस्था के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा केंद्र प्रभारी श्री टिकेश्वर पटेल को धान खरीदी के प्रभार से पृथक कर निलंबित किया |
| 3 | जंगलबेढा | जंगलबेढा | 20.11.2024 | कलेक्टर महोदय द्वारा आकस्मिक निरीक्षण | - | - | - | उपार्जित धान के स्टेक तैयार करने में लापरवाही बरती गई | 0 | 0 | श्री भोजराम प्रधान | कंप्यूटर आपरेटर | प्रथम दृष्टया प्रकरण संज्ञान में आने पर शाखा प्रबंधक द्वारा केंद्र प्रभारी भोजराम प्रधान को धान खरीदी के प्रभार से पृथक किया |
| 4 | खट्टी | परसदा (ख) | 03.12.2024 | सक्रिय सदस्य भारतीय जनता पार्टी | - | - | - | किसानों से बगैर ऋण पुस्तिका के खरीदी किया जाना, स्टेक में किस्मवार प्रदर्शन नहीं किया जाना | 0 | 0 | श्री कृष्ण कुमार साहू | केंद्र प्रभारी | कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला महासमुंद द्वारा श्री कृष्ण कुमार साहू, केंद्र प्रभारी, परसदा (ख) समिति खट्टी को कारण बताओ नोटिस क्रमांक 423 दिनांक 14.02.2025 जारी किया गया है. प्रकरण पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । |
| 5 | जाड़ामुड़ा | झारमुड़ा | - | मीडिया में प्रकाशित खबर | - | - | - | जाँच में धान 375.20 क्विंटल की कमी पाई गयी | 0 | 0 | श्री मोतिन प्रधान | केंद्र प्रभारी | कलेक्टर (खाद्य शाखा) जिला महासमुंद द्वारा धान उपार्जन केंद्र झारमुड़ा में दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक एवं क़ानूनी कार्यवाही हेतु उपायुक्त सहकारी संस्थाए जिला महासमुंद को पत्र प्रेषित किया गया है. प्रकरण पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है । |

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित

**छठवीं मंजिल टावर सी कमर्शियल कॉम्पलेक्स सी.बी.डी.**

**सेक्टर-21 अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.) 492002**

website: www.markfed.cg.nic.in | Email Id: mf_ctrlroom_raipur@gov.in

**क्रमांक./विप./वि.स. बजट सत्र / 577 /2025 न.रा.अ.न., दिनांक 20 02.2025**

प्रति,

**संचालक,**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता
संरक्षण संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर (छ.ग.)

**विषयः-** **विधान सभा प्रश्न क्रमांक 1013 अतारांकित द्वारा श्रीमति चातुरी नन्द सदस्य विधान सभा।**

कृपया विभाग से प्राप्त प्रश्न क्रमांक 1013 अतारांकित की जानकारी निम्नानुसार है:-

**प्रश्न (क)** **महासमुंद जिले में वर्ष 2024-25 में जनवरी, 2025 तक कुल कितनी धान खरीदी हुई है? धान खरीदी के एवज में कितने किसानों को जनवरी, 2025 तक कितनी राशि का भुगतान किया जा चुका है? खरीदे गए खुले कितने धान का उठाव अब तक किया गया है ? क्या धान के उठाव में गड़बड़ी के मामले सामने आए हैं? यदि हां, तो क्या कार्रवाई की गई है?**

उत्तरः- महासमुंद जिले में वर्ष 2024-25 में जनवरी, 2025 तक कुल 11.04 लाख मे.टन धान की खरीदी की गई है। 31 जनवरी, 2025 तक महासमुंद जिले के 1.53 लाख किसानों को भुगतान हेतु राशि 2292.07 करोड़ रुपयें अपेक्स बैंक को अंतरण किया जा चुका था।

महासमुंद जिले में खरीदे गए धान में से दिनांक 20.02.2025 की स्थिति में कुल 8.03 लाख मे.टन धान का उठाव किया जा चुका है। धान उठाव के संबंध में गड़बड़ी के मामले इस कार्यालय को प्राप्त नहीं हुए है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

प्रश्न (ख) **इस वर्ष किन-किन धान खरीदी केन्द्रों में गड़बड़ी और** अनियमितता **की शिकायत पाई गई है? उपरोक्त शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है?** विकासखंडवार **जानकारी प्रदान करें?**

उत्तरः- उक्त प्रश्न विपणन संघ से संबंधित नहीं है। अतः शेष प्रश्नांश उपस्थित नहीं होता है।

**प्रबंध संचालक**

**पृ. क्रमांक./विप./वि.स. बजट सत्र / /2025 न.रा.अ.न.,दिनांक .02.2025**

**प्रतिलिपिः-**

1. सचिव छ.ग. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

**प्रबंध संचालक**